Title: Need for effective implementation of 'Jaldhara' project in Ranchi Parliamentary constituency, Jharkhand with a view to provide better irrigation facilities.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : उपाध्यक्ष महोदय, झारखण्ड पठारी प्रदेश है। यहां पर सिंचाई के साधनों का अभाव है। लघु सिंचाई योजनाओं का अभाव है और नहर आदि भी ध्वस्त पड़ी हैं, जिसके कारण गरीब किसानों को सिंचाई के लिए बरसात पर निर्भर रहना पड़ता है। पठारी प्रदेश होने के कारण यहां पर कम व्यास व अधिक व्यास के कूप या चैकडेम ही सफल हो सकते हैं, जो जलधारा योजना के अन्तर्गत बनाए जा सकते हैं, परन्तु जलधारा योजना भी इस प्रदेश में सफल नहीं हो रही हैं। तालाब जो बनाए गए हैं, वे भी अधूरे हैं और कई क्षेत्रों में तो तालाब नहीं है। इन सबके कारण भूमि का जलस्तर नीचे होता जा रहा है, अगर कूपों, चैकडेमों ए वं तालाब का निर्माण जलधारा योजना के अन्तर्गत योजनाबद्ध ढंग से एवं तेजी के साथ किया जाए, तो गरीब किसनों को अपने खेतों को सिंचाई करने में सहायता मिलेगी और भूमि के जलस्तर को नीचे होने से रोका जा सकता है।

अतः सदन के माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि जलधारा योजना के अन्तर्गत मेरे ससदीय क्षेत्र रांची में सिंचाई हेतु निर्माण कार्य तेजी और योजनाबद्ध ढंग से करके सिचांई सुविधा सभी वर्गों को दी जाए।